# सी.जी.पी.एस.सी.
# प्रारंभिक परीक्षा–2020
# सामान्य अध्ययन–I
# (मॉडल पेपर–1)

1. 'सुखद सहारा योजना' किस वर्ग को लाभान्वित करने के उद्देश्य से संचालित है?
   (a) वृद्ध
   (b) दिव्यांगजन
   (c) विधवा एवं परित्यक्त महिलाएँ
   (d) इनमें से कोई नहीं

2. छत्तीसगढ़ राज्य वन क्षेत्रफल एवं वनावरण के दृष्टिकोण से क्रमश: कौन से/किस स्थान पर मौजूद है?
   (a) पहले एवं दूसरे (b) दूसरे एवं तीसरे
   (c) पहले एवं चौथे (d) चौथे एवं तीसरे

3. वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य के सभी स्रोतों से कितने (%) क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध है?
   (a) 25% (b) 40%
   (c) 50% (d) 36%

4. किस विद्युत योजना के अंतर्गत 3 अश्वशक्ति तक के कृषि पंप के बिजली बिल में 6000 यूनिट/वर्ष तथा 3 से 5 अश्वशक्ति के कृषि पंप के बिजली बिल में 7500 यूनिट/वर्ष की छूट दी जा रही है-
   (a) एकीकृत विद्युत विकास योजना
   (b) कृषक जीवन ज्योति योजना
   (c) मुख्यमंत्री मजरा-टोला विद्युतीकरण योजना
   (d) दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना

5. छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के समय किस रोग की प्रभाव दर 8.2/10 हज़ार थी, जो अक्टूबर 2019 में 2.19/10 हज़ार पाई गई?
   (a) टी.बी. (b) मलेरिया
   (c) कुष्ठ रोग (d) फायलेरिया

6. छत्तीसगढ़ राज्य में निम्न में से कौन सा फूड पार्क निर्माणाधीन/प्रस्तावित है?
   (a) ज़िला सुकमा- फूड पार्क
   (b) ज़िला जगदलपुर- फूड पार्क
   (c) (a) और (b) दोनों
   (d) इनमें से कोई नहीं

7. बिल्मा नृत्य किस जनजाति से संबंधित है।
   (a) गोंड (b) दोरला
   (c) उराँव (d) उपरोक्त सभी

8. 'सतनाम धर्म संत समाज' के संस्थापक 'गहिरा गुरु' किस जनजातीय समुदाय से संबंधित थे?
   (a) धनवार (b) विरजिया
   (c) कँवर (d) बैगा

9. छत्तीसगढ़ राज्य का महातीर्थ स्थान कहाँ है?
   (a) कोरिया (b) राजिम
   (c) दंतेवाड़ा (d) मैनपाट

10. 'जंगल की मछली' किस जनजातीय नाम का अर्थ है?
   (a) कमार (b) विरजिया
   (c) धनवार (d) बिरहोर

11. राज्य के महान क्रांतिकारी 'वीर नारायण सिंह' निम्न में से किस समुदाय से संबंधित हैं?
   (a) बैगा (b) असुर
   (c) बिंझवार (d) इनमें से कोई नहीं।

12. निम्न में से किस जनजाति को पुरोहित (पांडा) के समकक्ष माना जाता है।
   (a) गोंड (b) उराँव
   (c) बैगा (d) पांडो

13. किस जनजातीय समूह द्वारा दूल्हा देव की पूजा की जाती है?
   (a) गोंड (b) उराँव
   (c) (a) और (b) दोनों (d) इनमें से कोई नहीं।

14. बैगा जनजाति द्वारा जनजाति द्वारा किया जाने वाला शीलकालीन नृत्य कौन सा है?
   (a) डंडारी नृत्य (b) बिल्मा नृत्य
   (c) सुआ नृत्य (d) राउत नृत्य

15. निम्न में स कौन सा लोकगीत, संस्कारों के गीत की श्रेणी में आता है?
   (a) फाग-गीत (b) सुआ-गीत
   (c) पठौनी-गीत (d) डांडी-गीत

16. छत्तीसगढ़ के फिल्म उद्योग को निम्न में से किस नाम से जाना जाता है?
   (a) मौलीवुड (b) ओलीवुड
   (c) छॉलीवुड (d) टॉलीवुड

17. निम्न में से कौन-सी भाषा 'आर्य भाषा' परिवार की बोली है?
   (a) गोंडी (b) परजी
   (c) कुडूख (d) सदरी

18. निम्न में से कौन सी विशेषता लोकोक्तियों से संबंधित है?
   (a) यह प्राय: तुकांत होती है।
   (b) लय और गीत पूर्ण होती है।
   (c) गद्य एवं पद्य, दोनों में हो सकती है।
   (d) उपरोक्त सभी।

19. 'बस्तर का इतिहास एवं संस्कृति' के लेखक हैं-
   (a) नंद किशोर तिवारी (b) लाला जगदल पुरी
   (c) पं. श्याम लाल चतुर्वेदी (d) दानेश्वर वर्मा

20. छत्तीसगढ़ राज्य में 2011 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक अनुसूचित जनजातीय जनसंख्या वाले ज़िलों में शामिल नहीं है-
   (a) दुर्ग (b) रायगढ़
   (c) जशपुर (d) बस्तर


Copyright– Drishti The Vision Foundation

**21.** 'छत्तीसगढ़ का खजुराहो' किस मंदिर को कहा जाता है?
(a) गंधेश्वर मंदिर (b) कुलेश्वर मंदिर
(c) भोरमदेव मंदिर (d) राजिवलोचन मंदिर

**22.** गोदावरी की किस सहायक नदी पर 'चित्रकूट जलप्रपात' अवस्थित है?
(a) बाघ (b) सबरी
(c) कोटरी (d) इंद्रावती

**23.** छत्तीसगढ़ में किस मिट्टी को स्थानीय भाषा में 'भाठा' एवं 'मुरम' कहा जाता है?
(a) काली मिट्टी (b) लाल दोमट
(c) पीली मिट्टी (d) लैटेराइट

**24.** छत्तीसगढ़ में स्थित किस गुफा को 'पानी से घिरा किला' कहते हैं।
(a) कुटुमसर (b) कबरा
(c) सीता बेंगरा (d) जोगी मारा

**25.** छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्गत किस फसल को धान के बाद दूसरी प्रमुख फसल के रूप में जाना जाता है?
(a) ज्वार (b) कोदो-कुटकी
(c) बाजरा (d) गेहूँ

**26.** निम्नलिखित में 'स्वर्ण कणों' के लिये प्रसिद्ध नदी कौन सी है?
(a) ईब (b) गोदावरी
(c) महानदी (d) इंद्रावटी

**27.** ह्वेनसांग ने राज्य के किस क्षेत्र को 'किया-स-लो' के नाम से उल्लेखित किया है?
(a) श्री पुर (b) नारायणपुर
(c) शरभपुर (d) राजिम

**28.** कल्चुरि कालीन प्रशासन में 'महासंधिविग्रहिक' नामक पदाधिकारी किस विभाग से संबंधित थी?
(a) न्याय (b) सैन्य
(c) विदेश (d) वित्त

**29.** किस मराठा शासक ने छत्तीसगढ़ में 'सूबेदार नियुक्त' करने की परंपरा का सूत्रपात किया?
(a) रघु जी II (b) व्यंकोजी
(c) रघु जी III (d) इनमें से कोई नहीं

**30.** सविनय अवज्ञा आंदोलन, छत्तीसगढ़ में किसके नेतृत्व में संचालित हुआ?
(a) रघुनंदन सिंगरौल (b) पं. रविशंकर शुक्ल
(c) (a) और (b) दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

**31.** छत्तीसगढ़, रायपुर में घटित 'डायनामाइट कांड' किस घटना से अंतर्संबंधित है?
(a) कंडेल सत्याग्रह (b) असहयोग आंदोलन
(c) भारत छोड़ो आंदोलन (d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

**32.** कंडेल सत्याग्रह के संबंध में सही नहीं है-
(a) इसका नेतृत्व गांधी जी ने किया।
(b) पं. सुंदर लाल शर्मा से सत्याग्रह कार्यक्रम को निर्धारित करने हेतु एक सभा का आयोजन किया।
(c) यह आंदोलन कंडेल गाँव को अनुबंध के अंतर्गत लाने के विरोध में शुरू हुआ।
(d) उपरोक्त सभी।

**33.** बी.एन.सी. मिल मजदूर हड़ताल का नेतृत्व किसने किया?
(a) सुंदरलाल शर्मा (b) सुखचैन दास
(c) ठाकुर प्यारेलाल (d) केजूराम वर्मा

**34.** छत्तीसगढ़ राज्य की लोकसभा में कितनी सीटें निर्धारित हैं?
(a) 10 (b) 15
(c) 11 (d) 14

**35.** छत्तीसगढ़ राज्य में नगर निगम के अंतर्गत कौन सा शहर शामिल नहीं है?
(a) रायपुर (b) कोरबा
(c) दुर्ग (d) नारायणपुर

**36.** 'गिरनार अभिलेख' से निम्न में से किससे संबंधित है?
(a) बिंदुसार (b) चंद्रगुप्त
(c) घनानंद (d) अशोक

**37.** छत्तीसगढ़ औद्योगिक न्यायाधिकरण का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
(a) दुर्ग (b) रायपुर
(c) बिलासपुर (d) रायगढ़

**38.** छत्तीसगढ़ विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?
(a) महेंद्र बहादुर सिंह (b) बनवारी लाल अग्रवाल
(c) राजेंद्र प्रसाद शुक्ल (d) नंद कुमार राय

**39.** छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना तिथि को आर.एस. गर्ग को किस विभाग का कार्यकारी प्रमुख बनाया गया था?
(a) कार्यपालिका (b) व्यवस्थापिका
(c) न्यायपालिका (d) इनमें से कोई नहीं

**40.** छत्तीसगढ़ विधानसभा के प्रमुख सचिव हैं-
(a) चंद्रशेखर (b) रविंद्र चौबे
(c) मनोज सिंह (d) अनुसूईया उसके

**41.** छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण का गठन कब हुआ?
(a) 26 जनवरी, 2005 (b) 25 जनवरी, 2005
(c) 2 अक्टूबर, 2005 (d) 15 अगस्त, 2005

**42.** राज्य के किस ज़िले में सर्वाधिक कोयले की खान पाई जाती है?
(a) रायपुर (b) दुर्ग
(c) सरगुजा (d) इनमें से कोई नहीं।



Copyright– Drishti The Vision Foundation

43. बी.एन.सी मिल्स लिमिटेड की स्थापना (1862) किस शहर में हुई?
   (a) बिलासपुर (b) रायगढ़
   (c) दुर्ग (d) राजनांदगाँव

44. कोयला भंडार की दृष्टि से राज्य का देश में कौन-सा स्थान है?
   (a) पहला (b) तीसरा
   (c) चौथा (d) दूसरा

45. भैयाथान ताप विद्युत परियोजना कहाँ स्थित है?
   (a) दुर्ग (b) रायगढ़
   (c) सरगुजा (d) रायपुर

46. छत्तीसगढ़ में प्रारंभ की गई तेंदू पत्ता संग्राहकों के लिये सामाजिक सुरक्षा योजना से संबंधित कौन-सा तथ्य गलत है?
   (a) कॉन्ग्रेस नेता एवं महेंद्र कर्मा के नाम से योजना का शुभारंभ।
   (b) दुर्घटना के मामले में कोई वित्तीय सहायता नहीं दी जाएगी।
   (c) सामान्य मृत्यु के मामले में वारिस को 2 लाख रुपए वित्तीय सहायता।
   (d) यह 5 अगस्त, 2020 से शुरू की गई।

47. हाल ही में राज्य में आरंभ रोका-छेका अभियान संबंधित है-
   (a) पारंपरिक कृषि को पुनर्जीवित करना।
   (b) आवारा पशुओं की खुली चराई पर प्रतिबंध।
   (c) जैविक खाद के रूप में गोबर के प्रयोग पर बल।
   (d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

48. छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रारंभ की गई 'राजीव गांधी किसान न्याय योजना का उद्देश्य है-
   (a) धान की कृषि को लाभ पहुँचाना।
   (b) मक्का की कृषि को बढ़ावा देना।
   (c) सिंचाई सुविधा मुहैया कराना।
   (d) उपरोक्त सभी।

49. 1 नवंबर, 2020 को राज्य सरकार द्वारा संचालित फोर्टिफाइड चावल वितरण योजना का उद्देश्य है।
   (a) कुपोषण को कम कराना
   (b) एनीमिया को कम कराना
   (c) (a) और (b) दोनों
   (d) न तो (a) और न ही (b)

50. 'बसंतोत्सव सांस्कृतिक मेले में' छत्तीसगढ़ के नृत्य रूपों को हाइलाइट किया गया, इसका आयोजन स्थल है-
   (a) भोपाल (मध्य प्रदेश) (b) मुंबई (महाराष्ट्र)
   (c) रायपुर (छत्तीसगढ़) (d) गांधीनगर (गुजरात)

51. मध्यकालीन भारत में किस शासक ने 'चाहर-तसलीम' की प्रथा का आरंभ किया।
   (a) बलबन (b) अलाउद्दीन
   (c) शाहजहाँ (d) बाबर

52. अलाउद्दीन खिलजी के काल में 'बरीद-ए-ममालिक' पद किस विभाग से संबंधित था?
   (a) सैन्य विभाग (b) गुप्तचर विभाग
   (c) विदेश-संबंध (d) वित्त विभाग

53. पंजाब में क्रांतिकारी गतिविधियों के अग्रणी अजीत सिंह के संबंध में कौन-सा विकल्प सही है-
   (a) वह भगत सिंह के चाचा थे।
   (b) 'भारत माता' पत्र का प्रकाशन किया था।
   (c) 'अंजुमन-ए-मोहिसबान-ए-वतन' नामक क्रांतिकारी संगठन का गठन किया था।
   (d) उपरोक्त सभी।

54. 'मित्र मेला' नामक गुप्त सभा का गठन किसने किया था?
   (a) चापेकर बंधुओं ने (b) सावरकर बंधुओं ने
   (c) घोष बंधुओं ने (d) इनमें से कोई नहीं।

55. कॉन्ग्रेस के अध्यक्ष पद हेतु 1939 के चुनाव में सुभाष चंद्र बोस किसे हराकर अध्यक्ष बने थे?
   (a) मौलाना-आजाद
   (b) पट्टाभि सीतारमैया
   (c) राजेंद्र प्रसाद
   (d) पंडित जवाहर लाल नेहरू

56. भारतीयों को सांप्रदायिक स्तर पर विभाजित करने हेतु अंग्रेजों के प्रयास में शामिल कार्यवाहियाँ हैं-
   I. बंगाल विभाजन II. मार्ले-मिंटो सुधार
   III. लखनऊ अधिवेशन IV. सांप्रदायिक पंचाट
   सही विकल्प का चयन कीजिये-
   (a) I, II, III (b) I, II, IV
   (c) I, III, IV (d) I, II, III, IV

57. किस गोलमेज सम्मेलन में कॉन्ग्रेस के प्रतिनिधि के रूप में गांधी जी ने भाग लिया?
   (a) प्रथम गोलमेज सम्मेलन
   (b) द्वितीय गोलमेज सम्मेलन
   (c) तृतीय गोलमेज सम्मेलन
   (d) इनमें से सभी

58. 'आचार्य जगदीश चंद्र बोस' भारतीय बॉटेनिकल गार्डन कहाँ स्थित है?
   (a) दिल्ली (b) मुंबई
   (c) कोलकाता (d) भोपाल



Copyright– Drishti The Vision Foundation

**59.** भारत में स्थित माइक (Mike) स्थलों में कौन सुमेलित नहीं है?

| | | |
|---|---|---|
| (a) नीलगिरि | – | तमिलनाडु |
| (b) मयूरभंज | – | ओडिशा |
| (c) शिवालिक | – | उत्तराखंड |
| (d) वायनाड | – | कर्नाटक |

**60.** 'अंतर्राष्ट्रीय ब्लू कार्बन' पहल की शुरुआत कब हुई?
(a) 2012 (b) 2013
(c) 2015 (d) 2011

**61.** निम्न में से किसको 'मदर ऑफ पर्ल' कहा जाता है?
(a) महासागर (b) ध्रुवीय मेघ
(c) नदियाँ (d) उपरोक्त सभी

**62.** भारतीय वन्य जीव संस्थान की स्थापना कब हुई?
(a) 1980 (b) 1985
(c) 1982 (d) 1990

**63.** भारत की 'समन्वित ऊर्जा गति' में शामिल हैं-
(a) सार्वजनिक परिवहन पर जोर
(b) परमाणु एवं जल विद्युत विकास पर बल
(c) सभी क्षेत्रों में ऊर्जा सक्षमता को बढ़ाना
(d) उपरोक्त सभी

**64.** संविधान का अनुच्छेद 76 संबंधित है-
(a) महान्यायवादी (b) राष्ट्रपति
(c) सर्वोच्च न्यायालय (d) उपराष्ट्रपति

**65.** निम्न में से कौन-सा विकल्प राज्य सभा के सभापति के संदर्भ में सही नहीं है?
(a) उप राष्ट्रपति ही राज्यसभा सभापति होता है।
(b) राष्ट्रपति के रूप में काम करते हुए सभापति के रूप में भी काम करता है।
(c) सभापति को तब ही पद से हटाया जा सकता है जब उपराष्ट्रपति के पद से हटाया गया हो।
(d) उपरोक्त सभी।

**66.** सर्वोच्च न्यायालय का प्रावधान संविधान के किस अनुच्छेद में है?
(a) अनुच्छेद 124 (b) अनुच्छेद 110
(c) अनुच्छेद 126 (d) अनुच्छेद 101

**67.** निम्न में से कौन-सा विकल्प राष्ट्रपति के संदर्भ में सही नहीं है?
(a) 35 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका हो
(b) किसी भी विधेयक को संसद को पुनर्विचार हेतु भेज सकता है
(c) वह भारत का प्रथम नागरिक होता है
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

**68.** संविधान की प्रस्तावना में 42वें संवैधानिक संशोधन द्वारा जोड़ा गया शब्द नहीं है-
(a) समाजवादी (b) अखंडता
(c) गणराज्य (d) इनमें से कोई नहीं

**69.** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के कार्यों में शामिल नहीं है-
(a) जेल में जाकर वहाँ की स्थिति जानना
(b) मानवाधिकारों के क्षेत्र में शोध करना
(c) मानवाधिकार उल्लंघन से संबंधित कारणों की समीक्षा करना
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

**70.** विदेश यात्रा का अधिकार संबंधित है-
(a) अनुच्छेद 22 (b) अनुच्छेद 21
(c) अनुच्छेद 23 (d) इनमें से कोई नहीं

**71.** निम्न में से कौन-सा दर्रा उत्तराखंड में नहीं है?
(a) नेलांग (b) माना
(c) नीति (d) नाथुला

**72.** 9° चैनल निम्न में से किसको विभाजित करता है-
(a) अंडमान और निकोबार
(b) कवारत्ती द्वीप और मिनीकाय
(c) लघु अंडमान और मध्य अंडमान
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

**73.** निम्न में से कौन-सी नदी गंगा की सहायक नदियों में से एक है?
(a) चंद्रभागा (b) मानस
(c) महानंदा (d) धन श्री

**74.** 'केइबुल लामजाओ' नामक राष्ट्रीय पार्क किस झील में अवस्थित है?
(a) मानसरोवर (b) कोलेरू झील
(c) चिल्का (d) लोकटक

**75.** प्रवाल भित्तियों के लिये आवश्यक दशाओं में शामिल नहीं है-
(a) 30°C से 35°C तापमान
(b) 60-70 मीटर गहरा जल
(c) स्वच्छ जल
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

**76.** निम्न में से कौन-सी किस्म चावल की किस्म है?
(a) अर्जुन (b) कल्याण
(c) चिंगम (d) मोती

**77.** हीरा भंडार क्षेत्र के दृष्टिकोण से देश में छत्तीसगढ़ का स्थान है-
(a) पहला (b) तीसरा
(c) चौथा (d) पाँचवाँ

**78.** भारतीय अर्थव्यवस्था के लिये राजस्व घाटे की किस स्थिति को अच्छा माना जा सकता है?
(a) गिरावट (b) वृद्धि
(c) स्थिरता (d) उपरोक्त में कोई नहीं।

**79.** निम्न में से कौन मुद्रास्फीति हेतु ज़िम्मेदार नहीं है?
(a) मांग में वृद्धि (b) जनसंख्या वृद्धि
(c) सूखा (d) इनमें से कोई नहीं



Copyright– Drishti The Vision Foundation

**80.** निम्नलिखित में से कौन-सा तथ्य प्रच्छन्न बेरोज़गारी से संबंधित है?
(a) किसी कार्य में आवश्यकता से अधिक श्रमिकों का होना।
(b) एक निश्चित समय तक ही रोज़गार उपलब्ध होना।
(c) कार्य करने की इच्छा एवं योग्यता होने पर भी कार्य न मिलना।
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

**81.** 'काल मनी' क्या है?
(a) दीर्घकालिक ऋण
(b) अगले दिन वापसी की शर्त पर दिया गया ऋण
(c) अल्पकालिक ऋण
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

**82.** 'वैश्विक प्रतिभा प्रतिस्पर्धा सूचकांक, 2020' में भारत किस स्थान पर रहा?
(a) 70वें (b) 68वें
(c) 72वें (d) 81वें

**83.** निम्न में से कौन-सा मंदिर 'पंचायतन शैली' का प्रतिनिधित्व करता है।
(a) कंदरिया महादेव मंदिर
(b) मीनाक्षी मंदिर
(c) बृहतदेश्वर मंदिर
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

**84.** 'चौर पंचाशिका' चित्रकला शैली का विकास कहाँ हुआ?
(a) मध्य प्रदेश (b) राजस्थान
(c) कश्मीर (d) गुजरात

**85.** छत्तीसगढ़ में गाया जाने वाला-ददरिया गीत किस अवसर पर गाया जाता है?
(a) खेत में काम करते हुए
(b) शादी-समारोह में
(c) त्योहारों पर
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**86.** निम्न में से कौन सा सिद्धांत बौद्ध धर्म से संबंधित नहीं है?
(a) चार आर्य सत्य (b) आष्टांगिक मार्ग
(c) पंचमहाव्रत (d) इनमें से कोई नहीं

**87.** केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की स्थापना कब हुई?
(a) 1945-46 (b) 1951-52
(c) 1955-56 (d) 1958-59

**88.** सर्वप्रथम साहित्य सृजन के रूप में 'उर्दू' का प्रयोग किस कवि ने किया था?
(a) रसखान
(b) मलिक मुहम्मद जायसी
(c) अब्दुल रहीम खान-ए-खाना
(d) अमीर खुसरो

**89.** ढोकरा हस्तशिल्प के लिये छत्तीसगढ़ में कौन-सा शहर प्रसिद्ध है?
(a) दुर्ग (b) बस्तर
(c) रायपुर (d) इनमें से कोई नहीं

**90.** मेलाटोबिन हार्मोस का स्राव कहाँ से होता है?
(a) सेरीब्रल (b) कार्पोरा क्वार्डीजेमिना
(c) हाइपोथेलेमस (d) पिनियल ग्रंथि

**91.** निम्न में से कौन-सा हार्मोन प्रतिरक्षा तंत्र में सहायक है?
(a) थाइमोसिन (b) सेरोटोनिन
(c) थाइमोपोइटिन (d) इनमें से कोई नहीं।

**92.** निम्न में से कौन-सा विषय प्रौद्योगिकी विजन 2035 का भाग है?
(a) शिक्षा (b) स्वास्थ्य
(c) पर्यावरण (d) उपरोक्त सभी

**93.** निम्न में से किसे 'मेटल ऑफ होप' भी कहा जाता है?
(a) यूरेनियम (b) थोरियम
(c) रेडियम (d) इनमें से कोई नहीं।

**94.** निम्नलिखित में से कौन-सा तथ्य एजोला से संबंधित नहीं है?
(a) यह एक निम्न वर्गीय पादप है।
(b) यह स्वच्छ जल में पानी की सतह पर तैरता है।
(c) इसमें नाइट्रोजन स्थिरीकरण की क्षमता कम होती है।
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

**95.** हाल ही में अक्टूबर 2020 में भारत में किस देश के साथ 'टू प्लस टू' वार्त्ता का आयोजन किया?
(a) अमेरिका (b) जापान
(c) ऑस्ट्रेलिया (d) फ्राँस

**96.** हाल ही में 'हिम तेंदुआ दिवस' कब मनाया गया?
(a) 23 सितंबर, 2020 (b) 23 अक्टूबर, 2020
(c) 23 नवंबर, 2020 (d) 23 दिसंबर, 2020

**97.** हाल ही में किस क्षेत्र की केसर को भौगोलिक संकेतक (जी.आई.) दिया गया है?
(a) सिक्किम (b) दार्जिलिंग
(c) कश्मीर (d) अरुणाचल

**98.** हाल ही में अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा जारी 'विशेष चिंता वाले देश' की सूची में किस देश को शामिल नहीं किया है?
(a) पाकिस्तान (b) चीन
(c) म्याँमार (d) भारत

**99.** 'आईसीसी द्वारा अवार्ड ऑफ डिकेड, 2020' में 'स्प्रीट ऑफ क्रिकेट अवार्ड' किसे मिला-
(a) एम.एस. धोनी
(b) विराट कोहली
(c) ऋषभ पंत
(d) के एल राहु

**100.** भारत के किस राज्य को वन सेट मेनी वर्ल्ड कहाँ जाता है।
(a) कर्नाटक (b) उत्तर प्रदेश
(c) मध्य प्रदेश (d) राजस्थान



Copyright– Drishti The Vision Foundation

## सी.जी.पी.एस.सी. प्रारंभिक परीक्षा-2020
## सामान्य अध्ययन-I (मॉडल पेपर-1)
## उत्तरमाला

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (c) | 26. | (a) | 51. | (c) | 76. | (c) |
| 2. | (d) | 27. | (a) | 52. | (b) | 77. | (b) |
| 3. | (d) | 28. | (c) | 53. | (d) | 78. | (a) |
| 4. | (b) | 29. | (b) | 54. | (b) | 79. | (d) |
| 5. | (c) | 30. | (b) | 55. | (b) | 80. | (a) |
| 6. | (c) | 31. | (c) | 56. | (b) | 81. | (b) |
| 7. | (a) | 32. | (a) | 57. | (b) | 82. | (c) |
| 8. | (c) | 33. | (c) | 58. | (c) | 83. | (a) |
| 9. | (b) | 34. | (c) | 59. | (d) | 84. | (b) |
| 10. | (b) | 35. | (d) | 60. | (d) | 85. | (a) |
| 11. | (c) | 36. | (d) | 61. | (b) | 86. | (d) |
| 12. | (c) | 37. | (b) | 62. | (c) | 87. | (b) |
| 13. | (c) | 38. | (c) | 63. | (d) | 88. | (d) |
| 14. | (b) | 39. | (c) | 64. | (a) | 89. | (b) |
| 15. | (c) | 40. | (d) | 65. | (b) | 90. | (d) |
| 16. | (c) | 41. | (a) | 66. | (a) | 91. | (a) |
| 17. | (d) | 42. | (c) | 67. | (b) | 92. | (d) |
| 18. | (d) | 43. | (d) | 68. | (c) | 93. | (a) |
| 19. | (b) | 44. | (b) | 69. | (d) | 94. | (d) |
| 20. | (a) | 45. | (c) | 70. | (b) | 95. | (a) |
| 21. | (c) | 46. | (b) | 71. | (d) | 96. | (b) |
| 22. | (d) | 47. | (d) | 72. | (b) | 97. | (c) |
| 23. | (d) | 48. | (a) | 73. | (c) | 98. | (d) |
| 24. | (a) | 49. | (c) | 74. | (d) | 99. | (a) |
| 25. | (b) | 50. | (d) | 75. | (a) | 100. | (a) |



Copyright– Drishti The Vision Foundation